नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# भयमुक्त जीवन का अधिकार

## सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को दयामृत्यु की अनुमति दी

**नई दिल्ली, 19 मई. उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मुद्दे को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार से जोड़ते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि वे कानून के दायरे में रहकर पागल, लाइलाज और बेहद खतरनाक या आक्रामक आवारा कुत्तों को दयामृत्यु दे सकते हैं.**



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमृत्यू एन वी अंजारिया की पीठ ने कुत्तों द्वारा काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई. पीठ ने कहा कि देश भर में आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं खतरनाक रूप से बढ़ रही हैं. इनके परिणाम केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका इंसानी जिंदगी, समाज और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है.

पीठ ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान से जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि हर नागरिक बिना किसी शारीरिक नुकसान, हमले या डर के सार्वजनिक स्थानों पर आ जा सके.

नागरिकों को यह अधिकार है कि वे सार्वजनिक जगहों पर कुत्ता काटने जैसी जानलेवा घटनाओं के साये में न जिएं. न्यायालय ने कहा कि जिन इलाकों में आवारा कुत्तों की आबादी बहुत ज़्यादा बढ़ गई है और हमले आम हो गए हैं, वहाँ अधिकारी जरूरी कदम उठा सकते हैं. इसके लिए पशु डॉक्टरों से जांच करानी होगी. इसके बाद पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत खतरनाक कुत्तों को दयामृत्यु देने जैसे कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं.

### नोएडा मजदूर मामला : सुको ने सीबीआई जांच मांगी

सुप्रीम कोर्ट में नोएडा मजदूर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में कथित यातना का मामला गूंजा, जिसने देशभर में कानून और मानवाधिकार के सवाल खड़े कर दिए. जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन/भुयान की बेंच ने दो गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को अदालत में पेश करने के निर्देश दिए. सुनवाई के दौरान आरोपियों में से एक ने कहा कि पुलिस हिरासत में रहते हुए उन्हें टॉर्चर किया गया. कोर्ट ने तुरंत यह देखा कि मामला अब एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में बदल गया है.

# विकास और त्वरित न्याय व्यवस्था पर ध्यान

▸ केंद्र-राज्य के संयुक्त प्रयास से नक्सल मुक्त हुआ देश

**जगदलपुर/रायपुर, 19 मई.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां कहा कि देश के नक्सल मुक्त होने का ऐतिहासिक लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सुरक्षा बलों की बहादुरी और केंद्र तथा राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से संभव हो पाया है.



श्री शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही है. बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा सदस्य राज्यों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक बस्तर में आयोजित हो रही है बैठक से पूर्व ही पूरा बस्तर नक्सल मुक्त हो चुका है. उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में राज्यों की पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और खुफिया एजेंसियों ने सटीक समन्वय के साथ कार्य किया. उन्होंने उच्च न्यायालयों से पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अदालतों के गठन का आग्रह भी किया. उन्होंने चारों राज्यों से 1930 साइबर हेल्पलाइन के कॉल सेंटर को केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रारूप के अनुरूप अपडेट करने को कहा. साथ ही मिलावटखोरी के मामलों में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की भी आवश्यकता बताई. गृहमंत्री ने कहा कि नई आपराधिक न्याय संहिताओं के क्रियान्वयन में अच्छी प्रगति हुई है और अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि वर्ष 2029 से पहले हर आपराधिक मुकदमे को तीन वर्षों के भीतर उच्चतम न्यायालय स्तर तक पहुंचाकर निष्पादित किया जाए.

# पेट्रोल-डीजल फिर महंगा 5 दिन में दूसरी बार बढ़ोतरी

▸ पेट्रोल 90 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा हुआ

**नई दिल्ली, 19 मई. नई दिल्ली में आम आदमी की जेब पर मिडिल ईस्ट के तनाव और ईरान-अमेरिका संघर्ष का असर साफ दिख रहा है. सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर वृद्धि कर दी है.**

अब पेट्रोल 90 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा हो गया है. यह पांच दिन के अंदर दूसरी बार हुई कीमतों में बढ़ोतरी है, जब पहले ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए की वृद्धि की गई थी. सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें भारी घाटा उठाना पड़ रहा है.

इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों को हर महीने लगभग 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है. पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा के अनुसार, सरकार इस घाटे की भरपाई आम जनता से कर रही है.

## पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी का हुआ निधन

**देहरादून.** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मेजर जनरल (रिटायर्ड) भुवन चंद्र खंडूरी का आज मंगलवार को निधन हो गया. उन्होंने 91 साल की उम्र में देहरादून के मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली. खंडूरी के निधन के साथ ही उत्तराखंड की राजनीति में एक ऐसे अध्याय का अंत हो गया, जिसने राजनीति में ईमानदार, अनुशासन और सादगी की मिसाल कायम की. 1 अक्टूबर... ▸ शेष पेज 12 पर



# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

पीएम मोदी ने ओस्लो में डेनमार्क की पीएम से की मुलाकात



**नॉर्वे, 19 मई. पीएम मोदी ने मंगलवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन से मुलाकात की. इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की.**

बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सीबी जॉर्ज सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. इसका उद्देश्य भारत और नॉर्डिक देशों के बीच संबंधों को तकनीक, नवाचार, हरित ऊर्जा, सतत विकास, ब्लू इकोनॉमी, रक्षा, अंतरिक्ष और आर्कटिक जैसे क्षेत्रों में और मजबूत बनाना है. प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को अपनी पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में नॉर्वे पहुंचे थे. इस दौरान उन्हें नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया.

**महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर:** डीएसआईआर/सीएसआईआर ने नॉर्वे के प्रमुख अनुसंधान और औद्योगिक संगठनों के साथ 5 समझौते किए. पीएम मोदी की नॉर्वे यात्रा भारत और नॉर्वे के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी... ▸ शेष पेज 12 पर



## 23 वर्षीय तुषार यूनाइटेड किंगडम के मेयर बने

**नईदिल्ली.** हरियाणा के 23 वर्षीय तुषार कुमार ने यूनाइटेड किंगडम में इतिहास रचते हुए एल्स्ट्री और बोरेहैमवुड के सबसे युवा भारतीय मूल के मेयर का पद संभाला. पॉलिटिकल साइंस के छात्र और सामाजिक कार्यों से जुड़ाव रखने वाले तुषार ने इसे 'जीवन का अविस्मरणीय सम्मान' बताया और युवाओं को सार्वजनिक सेवा में आने के लिए प्रेरित किया.




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. Certificate from SIAM dated 9th January 2026. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. ^Starting exshowroom price of Xtreme 125R IBS OBD2 variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैनः क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगरः स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुरः बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगरः रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुरः रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुरः रॉयल बाईक्स 8817784120, तरानाः क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ाः नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासाः मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदाः निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठः श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, तालः श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाईः अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनीः श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलोटः दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगरः आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंजः साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेराः महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटीः अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावदः शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंहः गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊः तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडीः नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदाः जेएस मोटर्स, 9926600906.